# पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन युनिवर्सिटी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा मान्यता प्राप्त द्वारा व लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एल एल एफ) द्वारा संचालित

# प्रारंभिक भाषा शिक्षण में डिप्लोमा (टी.एल.ई.डी)

# Diploma In Early Language Teaching (D.E.L.T)

## अकादमिक सत्र अप्रैल – दिसंबर 2018

## आवेदन पत्र (APPLICATION FORM)

**कोर्स का परिचय:**

- प्रारंभिक भाषा शिक्षण का दूरस्थ शिक्षा पद्धति के रूप में संचालित, यह अपनी तरह का अनूठा कोर्स है |
- इस कोर्स को **पंडित सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर (मुक्त) ,छत्तीसगढ़** द्वारा डिप्लोमा का दर्जा प्राप्त है |
- एस सी ई आर टी छत्तीसगढ़ , रायपुर व एल एल एफ के बीच हुए अनुबंध के आधार पर इस कोर्स को एस सी ई आर टी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है |
- कोर्स का संचालन एल एल एफ , दिल्ली द्वारा किया जायेगा|
- कोर्स का उद्देश्य - प्रारंभिक भाषा एवं साक्षरता के क्षेत्र में अध्यापकों तथा शिक्षक-प्रशिक्षकों का व्यवसायिक क्षमता विकास |
- प्रत्येक 20 प्रतिभागियों के लिए एक मेन्टर होंगे जो पूरे कोर्स के दौरान उन्हें सहायता व मार्गदर्शन देंगे।
- इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सम्पूर्ण लगन, स्वप्रेरणा व बेहतरीन समय प्रबंधन की ज़रुरत होगी |
- कोर्स के कुछ अंशों के लिए आपको कंप्यूटर के ज्ञान की आवश्यकता भी होगी |
- यदि आप इस कोर्स हेतु डिप्लोमा चाहते हैं तो आपको युनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जा कर फॉर्म भरना होगा |
- युनिवर्सिटी का फॉर्म भरने के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ: https://pssou.mponline.gov.in
  या इस लिंक पर क्लिक करें:
  https://pssou.mponline.gov.in/portal/Services/PSSOU/ADMISSION_EXAM/Admission_Enroll_Form.aspx
- डिप्लोमा हेतु युनिवर्सिटी द्वारा 2500 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है | 2018 बैच के प्रतिभागियों को डिप्लोमा प्राप्ति के लिए केवल 500 रुपये उपाधि शुल्क के रूप में देने होंगे,शेष शुल्क ( 2000 रुपये) एल एल एफ द्वारा युनिवर्सिटी को दिया जायेगा |
- डिप्लोमा प्राप्ति के लिए कोर्स के अंत में सैद्धांतिक विषयों पर युनिवर्सिटी द्वारा संचालित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है|
- यह परीक्षा युनिवर्सिटी के अध्ययन केन्द्रों में जनवरी 2019 से मार्च 2019 के बीच होंगी |

**कोर्स की समयावधि:** अप्रैल 2018 से दिसंबर 2018

# <u>चयन के लिए न्यूनतम योग्यताएँ:</u>

**(फॉर्म केवल टाइप करके भेजें)**

**(यदि आपका जवाब हाँ है तो कृपया सामने दिए गए बॉक्स पर  क्लिक करें )**

**A: प्राथमिक कक्षाओं में हिंदी भाषा और साक्षरता के क्षेत्र में निम्नलिखित में से किसी रूप में कार्य कर रहे हों-**

**हाँ/नहीं**

- क्या आप प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापक (कक्षा 1 से 3 में पढ़ाते) हैं ? ☐
- क्या आप एस.सी.ई.आर.टी/डाइट (SCERT/DIET) के शिक्षक प्रशिक्षक हैं ? ☐
- क्या आप एस.आर.जी(SRG) के सदस्य हैं ? ☐

(**नोट :** यदि आप एस.आर.जी के सदस्य हैं तो इस नियुक्ति से सम्बंधित पत्र (जो ज़िला अथवा राज्य ने जारी किया होगा) उसे  संलग्न करके इस आवेदन पत्र के साथ भेजें | इस पत्र के बिना आपका आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिया जाएगा |)

- क्या आप ब्लॉक या संकुल स्तर पर सन्दर्भ व्यक्ति (सीऐसी/बीआरसी/ऐबीआरसी/बीआरपी) हैं ? ☐

**B: तकनीकी ज्ञान -** **हाँ/नहीं**

- क्या आपके पास स्मार्ट फ़ोन व उसमें इन्टरनेट की उपलब्धता है ? ☐
- क्या आपके फ़ोन में व्हाट्सऐप (Whatsapp)  की सुविधा है ? ☐
- क्या आपको कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी हैं ? ☐
- क्या आप वर्ड फाइल में हिंदी टाइपिंग खुद कर सकते हैं या किसी और से करवा सकते हैं? ☐
- क्या आपकी कोई एक ईमेल आई डी (email id) है जिससे हम आपको संपर्क कर सकें? ☐

**C: समय की उपलब्धता -** **हाँ/नहीं**

**क्या आप**

- हर सप्ताह लगभग 8 घंटे  का समय पढ़ने व कोर्स सम्बंधित विभिन्न कार्यों के लिए दे पाएंगें? ☐
- प्रति माह कम से कम 2 घंटे का समय कक्षा 1 से 3 में जाकर असाइनमेंट के लिए कार्य कर पाएंगें? ☐
- कोर्स के अंत में प्रोजेक्ट कार्य के लिए 8 से 10 दिन का समय दे पाएंगे ? ☐

यदि आप उपर दी गयी योग्यताओं को पूरी करते हैं तो आप हमें नीचे दी गई जानकारी को 15 फ़रवरी 2018 तक ईमेल कर दें | साथ ही युनिवर्सिटी की वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन फॉर्म को भी भर दें |

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्याशी का पूरा नाम (हिंदी में) | | |
| प्रत्याशी का पूरा नाम (अंग्रेज़ी में) | | |
| लिंग | महिला ☐ पुरुष ☐ | |
| ईमेल आई डी (जिसको आप कोर्स में इस्तेमाल करेंगे) | | |
| आपका वर्तमान पता, जिस पर आप कोर्स की पठन सामग्री प्राप्त करना चाहते हैं<br>(कृपया पूरा पता लिखें, पिन कोड सहित) | हिंदी में | अंग्रेज़ी में |
| मोबाइल नंबर | जिस पर आप व्हाट्सऐप का प्रयोग करते हैं: | |
| | अन्य नंबर: | |
| उम्र | | |
| आपका वर्तमान पद | | |
| कार्यरत संस्था का नाम एवं पता (ब्लॉक, जिले एवं पिनकोड के साथ ) | | |
| अपनी शैक्षिक व व्यावसायिक योग्यता संबंधी विवरण इस सारणी में दर्ज करें | अधिकतम शैक्षिक योग्यता पर क्लिक करें: | |

| | |
|---|---|
| दसवीं (10th) ☐ | एम.ए( M.A.) ☐ |
| बारहवीं (12th) ☐ | एम.फिल(MPhil) ☐ |
| बी.ए (B.A.)/ बी.एससी (B.Sc.) ☐ | पी.एचडी (Ph.D) ☐ |

**आप यह कोर्स क्यों करना चाहते हैं ? कृपया 100 शब्दों में बताएँ |**

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................

**घोषणा पत्र:**

**मैं, ...............................( प्रत्याशी का नाम) यह घोषित करता/करती हूँ कि यहाँ दी गई सारी सूचना मेरी जानकारी के मुताबिक सही है और मैं इस कोर्स में शामिल होना चाहता/चाहती हूँ और साथ ही इस कोर्स की सभी अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मैं पूर्ण रूप से तत्पर हूँ ।**

**दिनांक:**

**स्थान:**

**आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया:**

1. कोर्स ब्रोशर/विवरणिका व आवेदन पत्र की न्यूनतम योग्यताओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
2. आवेदन पत्र को स्पष्ट रूप से व पूर्ण रूप से भरें |
3. इस आवेदन पत्र को भरने के निम्नलिखित तरीके है ;
   - इस https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeY9c7zMtBchsoS-OwnI2F7rP0K7OL7H4SMqEFyOb5y71q_AA/viewform?usp=sf_link लिंक का इस्तेमाल करते हुए फॉर्म को ऑनलाइन भरें
   - आप इस आवेदन पत्र की एमएस वर्ड (MS Word) फाइल को पूर्ण रूप से टाइप भर कर (केवल टाइप करके) निम्नलिखित ईमेल पर भेज दें- course@languageandlearningfoundation.org
   - इस आवेदन पत्र की एमएस वर्ड (MS Word) फाइल आप हमारी वेबसाइट www.languageandandlearningfoundation.org से डाउनलोड कर सकते हैं |
4. एल एल एफ को फॉर्म जमा कराने की **अंतिम तिथि** 15 फ़रवरी 2018 है।
5. युनिवर्सिटी की वेबसाइट पर फॉर्म जमा करने की **अंतिम तिथि** 31 जनवरी 2018 है।

**महत्त्वपूर्ण तारीखें**

**कोर्स की अवधि : 2 अप्रैल से 31 दिसंबर 2018**

**आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि : 15 फ़रवरी 2018**

**चुने गए प्रत्याशियों की सूची जारी करने की तारीख : 5 मार्च 2018**

Language and Learning foundation

अप्रैल 2018 - दिसंबर 2018

मैं स्कल म्ह जी सूं

वो देखो स्कूल, मैं स्कूल जा रही हूँ

वो देखव इस्कूल

# प्रारंभिक भाषा शिक्षण में

## प्रारंभिक भाषा शिक्षण में डिप्लोमा (टी.एल.ई.डी)

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन युनिवर्सिटी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा मान्यता प्राप्त व लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एल एल एफ) द्वारा संचालित

- प्रारंभिक भाषा और साक्षरता पर व्यवसायिक क्षमता विकास के लिए दूरस्थ शिक्षा पद्धति में संचालित एक अनूठा कोर्स।
- प्रत्येक 20 प्रतिभागियों के लिए एक मेन्टर होंगे जो पूरे कोर्स के दौरान आपको सहायता व मार्गदर्शन
- यह कोर्स हिन्दी माध्यम में है।


- **किसके लिए है**
  - एस.सीई.आर.टी/डाइट के शिक्षक प्रशिक्षक
  - ब्लाक या संकुल स्तर पर संदर्भ व्यक्ति
  - प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापक

# डिप्लोमा कोर्स के बारे में

प्रारंभिक भाषा शिक्षण का यह दूरस्थ शिक्षा का कोर्स अपनी तरह का एक अनूठा कोर्स है जो प्रारंभिक भाषा एवं साक्षरता के क्षेत्र में अध्यापकों तथा शिक्षक-प्रशिक्षकों के व्यवसायिक विकास के लिए शुरु किया गया है। यह कोर्स ऐसे अध्यापकों और शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए चलाया जा रहा है जो प्रारंभिक कक्षाओं, ख़ास तौर से कक्षा **1-3** में हिंदी भाषा पढ़ाते हैं।



हरियाणा राज्य में आयोजित 2017 बैच की दूसरी कार्यशाला



कोर्स के विभिन्न घटकों पर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभागियों का फीडबैक

> **अनुसंधानों से यह बात साबित हो चुकी है कि जो अभिप्रेरित अध्यापक अच्छे व्यवसायिक विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं उनके विद्यार्थियों के नतीजे बेहतर रहते हैं।**



उत्तर प्रदेश राज्य में आयोजित 2017 बैच की दूसरी कार्यशाला



राजस्थान राज्य में आयोजित कार्यशाला के दौरान टी.एल.एम का प्रयोग करते हुए एक प्रतिभागी

# कोर्स के उद्देश्य

इस कोर्स को कामयाबी के साथ पूरा करने पर प्रतिभागियों में निम्न कौशलों का विकास होगा

- शुरुआती प्राथमिक कक्षाओं में भाषा और साक्षरता सीखने-सिखाने से सम्बंधित सैद्धांतिक समझ और कौशल में वृद्धि
- भाषा शिक्षण के दौरान उपयुक्त रणनीतियों और गतिविधियों का चयन करके योजना बनाना और उनका क्रियान्वन करने में सक्षम होना
- शिक्षक-प्रशिक्षक (जैसे डाइट/एस.सीई.आर.टी, राज्य संदर्भ समूह के सदस्य, मास्टर ट्रेनर्स) और अकादमिक संबलन/मॉनिटरिंग टीम के सदस्य (जैसे क्लस्टर/ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर) भाषा शिक्षण हेतु अध्यापकों को उच्चस्तरीय और बेहतर सहायता दे पाना
- संकुल, विकासखंड या जिला स्तर पर प्रारम्भिक भाषा शिक्षण कार्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में योगदान दे पाना



बिहार राज्य की कार्यशाला में डिकोडिंग की गतिविधि का प्रदर्शन करते प्रतिभागीयों का एक समूह।

## यह कोर्स आपके लिए है अगर...

- आप जानते हैं की प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा की कितनी अहम भूमिका है और आप बच्चों में मौखिक व लिखित भाषा के कौशलों को बेहतर करने को लेकर तत्पर हैं।
- आप विविध प्रकार के अनुभवों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक क्षमता विकास की मार्च से दिसबंर की लम्बी इस यात्रा में जुड़ने के इच्छुक हैं।
- आप कोर्स के दौरान स्व-अध्ययन, फ़ोन पर होने वाली चर्चा, असाइनमेंट और कोर्स की अन्य गतिविधियों के लिए इस अवधि में प्रत्येक सप्ताह में लगभग **8-10** घंटे का समय देने को तत्पर हैं।
- यदि आप एस.सीई.आर.टी/डाइट/बी.आर.सी/सी.आर.सी में संदर्भ व्यक्ति के रुप में कार्यरत हैं तो आपको कक्षा **1-3** में जाकर अपनी समझ को व्यवाहरिक स्तर पर परखने के लिए तैयार हों।
- यदि आपको हिंदी टाइपिंग आती है और यदि नहीं तो आप कोर्स के लिए तैयारी के चरण में यह क्षमता हासिल करने को तैयार हों।
- आपके पास कंप्यूटर/लेप्टॉप या कम से कम एक स्मार्ट फोन **(Smartphone)** उपलब्ध है जिसमें इन्टरनेट का कनेक्शन हो।
- आप व्हॉट्सऐप **(whatsapp)** और ईमेल पर सक्रिय सहभागिता निभा सकें।

## इस कोर्स के प्रतिभागी कौन हो सकते हैं?

आप प्राथमिक कक्षाओं में भाषा और साक्षरता, विशेष रूप से हिंदी भाषा के क्षेत्र में निम्नलिखित में किसी रुप में कार्य कर रहे हों

- एस.सीई.आर.टी/डाइट के शिक्षक प्रशिक्षक
- ब्लाक या संकुल स्तर पर संदर्भ व्यक्ति
- प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापक



2016 बैच के प्रतिभागियों के साथ बनाये गए कोर्स सम्बंधित वीडियो



2017 बैच के प्रतिभागी द्वारा कक्षा मे करायी गयी रोल प्ले की गतिविधि

# कोर्स की रूपरेखा और विशेषताएँ

## इनकी मदद से आप लचीले एवं सहज तरीके से कोर्स से सम्बंधित अकादमिक कार्यों को पूरा करने में सक्षम हो पाएँगे



### स्वाध्याय (सेल्फ़ रीडिंग)

12 मॉड्यूल : 40-50 पृष्ठ प्रति मॉड्यूल। इनमें महत्त्वपूर्ण पाठ्य सामग्री तथा सहायक ऑडियो एवं वीडियो संसाधन शामिल हैं। प्रत्येक मॉडयूल 3 सप्ताह में किया जाएगा।



### ग्रुप कॉन्फ्रेंस कॉल

हर हफ्ते में एक कॉल, जिसके दौरान आपको पूर्वनिर्धारित शीर्षक/विषय पर मेंटर और दूसरे सहभागियों के साथ बातचीत का मौका मिलेगा



### ऑनलाइन चर्चा फोरम

विषय आधारित चर्चायें, जिनमें आपको मेंटर्स तथा अन्य सहभागियों के साथ चार थीम्स पर एक-दूसरे के साथ चर्चा का अवसर मिलेगा



### असाइनमेंट्स

मॉड्यूल 1 से 10 में हर मॉड्यूल में असाइनमेंट होंगे। इनमें से कुछ असाइनमेंट के लिए आपको कक्षा मे जाकर कार्य करने की आवश्यकता होगी। और बाकी असाइनमेंट केवल पढ़कर विश्लेषण करने वाले होंगे।



### छोटी गतिविधियाँ (टास्क)

हर मॉड्यूल में कुछ छोटी गतिविधियाँ होंगी जिन्हें आपको अपने मेंटर को भेजना होगा। ये टास्क/गतिविधियाँ बहुत संक्षिप्त होंगी जैसे-किसी कक्षा/गतिविधि का फोटो/वीडियो भेजना, किसी कहानी पर कुछ प्रश्न बनाना, एक संक्षिप्त शिक्षण योजना तैयार करना, किसी शिक्षक/ब्चचे आदि से बातचीत के मुख्य बिन्दू लिखकर भेजना, किसी मुद्दे के बारे में कुछ आंकडे साझा करना आदि।



### क्विज़

अपने आपको जाँचें: मॉड्यूल के अंत में, कम से कम **10** प्रश्नों की ऑनलाइन क्विज़



### विशेषज्ञ सत्र

आमंत्रित विशेषज्ञों के साथ तीन ऑडियो कॉन्फ्रेंस। कोर्स डायरेक्टर तथा मेन्टर्स के साथ तीन चर्चाओं के सेशंस।



### पारस्परिक कार्यशालाएँ

आपके संदेहों/प्रश्नों पर चर्चा और अनुभवों को साझा करने के लिए कुल **8-10** दिन की कार्यशालाएँ (कोर्स के दौरान)



### प्रोजेक्ट

कोर्स के अंत में सहभागियों ने जो सीखा है उसे समेकित करते हुए एक प्रोजेक्ट।

# कोर्स के मुख्य विषय

| | |
|---|---|
| विषय 1 | प्रारंभिक भाषा और साक्षरता : एक झलक |
| विषय 2 | प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण : एक समीक्षा |
| विषय 3 | सीखने-सिखाने के कुछ सिद्धांत और रणनीतियों |
| विषय 4 | प्रारंभिक कक्षाओं में संतुलित भाषा शिक्षण |
| विषय 5 | प्रारंभिक साक्षरता के बुनियादी कौशल - भाग 1 |
| विषय 6 | प्रारंभिक साक्षरता के बुनियादी कौशल - भाग 2 |
| विषय 7 | प्रवाह और समझ के साथ पठनः शिक्षण रणनीतियाँ |
| विषय 8 | लिखने का कौशल : रणनीतियाँ और सिद्धांत |
| विषय 9 | आकलन व कक्षा में बहुस्तरीय अधिगम स्तिथि : कुछ रणनीतियाँ और पांच खंडीय रूपरेखा |
| विषय 10 | विविध भाषाई परिस्थितियों में प्रारंभिक भाषा और साक्षरता विकास |
| विषय 11 | भाषा व साक्षरता शिक्षण की रूपरेखा (पूर्व प्राथमिक - कक्षा 3 तक) |
| विषय 12 | पढ़ने की आदत और स्तरीकृत पठन सामग्री<br>अथवा<br>शिक्षक व्यावसायिक क्षमता विकास और समुदाय की भागीदारी |

## चर्चा में रहा एल.एल.एफ


संकुल समन्वयकों की कार्यशाला में भाषाई कौशल पर की गई चर्चा


विद्यार्थियों को भाषाई कौशल में दक्ष करने लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन की चलेगी मुहिम


अमर उजाला

परिषदीय स्कूलों के लिए तैयार हो रहा बहुभाषीय पाठ्यक्रम


स्वप्रेरित होकर भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने जुटे शिक्षक

पत्रिका 29 जुलाई 2017

# कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को मिलेंगे

- लैंगवेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एल.एल.एफ) की ओर से प्रमाणपत्र
- भाषा शिक्षण के लिए गतिविधि पुस्तिका
- बच्चों के लिए कहानियों की किताबों के संग्रह का डिजीटल संस्करण
- भाषा की दुनिया नामक समूह का सक्रिय हिस्सा बनने का अवसर, जिसके द्वारा आप प्रारंभिक हिंदी भाषा शिक्षण में अपने ज्ञान, कौश्ल और क्षमताओं का निरंतर विकास कर पाएंगे।

# उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए विशेष


- उत्कृष्टता का प्रमाणपत्र
- उनके संस्थान को सम्बोधित एक प्रशंसा पत्र

# कुछ अन्य दिलचस्प अवसर

- आपके व्यवसायिक विकास के लिए कई और छोटी अवधि के कोर्स व कार्यशालाएँ
- नए प्रतिभागियों के साथ जुड़ाव व आपके द्वारा उन्हें मार्गदर्शन
- कोर्स को बेहतर करने में आपका सहयोग
- एल.एल.एफ. द्वारा आपके कार्यो में सहयोग व मार्गदर्शन

# पृष्ठभूमि

इससे पूर्व **2016** व **2017** में यह कोर्स **5** राज्यों के **308** प्रतिभागियों के साथ सफलतापूर्वक चलाया जा चुका है। जिन प्रतिभागियों ने इन दोनो वर्षो में, यह कोर्स किया है, उनका कहना है कि वे कोर्स की विषयवस्तु, कोर्स संचालन तथा वास्तविक कक्षा परिदृश्य के लिए उपयुक्तता के लिहाज़ से इस कोर्स से बेहद संतुष्ट हैं।




# हमारे बारे में

## लैंग्वेज एडं लर्निंग फाउंडेशन

लैंग्वेज एडं लर्निंग फाउंडेशन (एल.एल.एफ) प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों की भाषा एवं साक्षरता क्षमता के विकास के स्तर को सुधारने के लिए समर्पित एक पंजीकृत एनजीओ है। हमारा मानना है कि शिक्षक प्रशिक्षकों (जिनमें ब्लॉक एवं संकुल स्तरीय संदर्भ व्यक्ति तथा मास्टर प्रशिक्षक भी शामिल हैं) तथा अध्यापकों के लगातार व्यावसायिक क्षमता विकास के माध्यम से ही बच्चों के प्रारंभिक साक्षरता कौशल (मौखिक भाषा, पठन, लेखन एवं चिंतन) में सुधार किया जा सकता है।

कोर्स तथा उससे मिले ज्ञान के बारे में हमारे कोर्स प्रतिभागियों के विचार जानने के लिए आप यूट्यूब पर उपलब्ध वीडियो को देख सकते हैं जिसका लिंक नीचे दिया गया हैं -
https://youtu.be/aI34HlsNWg4

# कोर्स के बारे राय

इस कोर्स की संरचना कुछ इस प्रकार की है जिससे सभी तरह के प्रतिभागी कोर्स अच्छे से कर पाएँ। जैसे स्व-अध्ययन के लिए पठन सामग्री, आपस में चर्चा करने के लिए डिस्कशन फ़ॉरम (संवाद मंच), ऑडियो-वीडियो सामग्री, स्कूल आधारित प्रोजेक्ट और असाइनमेंटस । कोर्स में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों ही पहलू हैं।

प्रमिला मनोहरन
एजुकेशन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, बिहार **(UNICEF, Bihar)**

आपके द्वारा संचसलित प्रारंभिक भाषा शिक्षण पाठयक्रम का राष्ट्रीय हिस्सा बनकर मुझे बहुत ज्यादा खुशी हुई है। भाषा की सार्वभौमिकता और बारीकियों का ज्ञान मेरे स्वयं तथा ब्च्चों की भाषाई क्षमता को गहराई से समझने में निश्चित तौर पर मदद कर रही है। मेरे कक्षा व शाला में मैंने मौखिक भाषा का अधिकाधिक उपयोग, दायित्यों का क्रमिक हस्तान्तरण तथा पठन कौशल को सुदृढ़ करने प्रवाहपूर्ण पठन करते हुए स्वतंत्र पठन हेतु अनुकूल वातावरण देने पर ज्यादा जोर लगा रखा है, जिसका अपेक्षित परिणाम भी देखने को मिल रहा है। इस कार्य से बच्चों में अभिव्यक्ति के प्रति आत्मविश्वास में गुणात्मक वृद्धि हुई है।

ईश्वरी कुमार सिन्हा
एल एल एफ 2016 बैच, छत्तीसगढ़

“फौरन प्रतिक्रिया (quick response), हमेशा सहयोग के लिए तैयार, प्रेरित करने के लिए हर क्षण तत्पर, समस्या हमारी सहयोग आपका” जैसी विशेषता वाली इस संस्था के साथ कार्य करने एवं सीखने का अनुभव सर्वोत्तम है। कोर्स के संदर्भ में प्रत्येक मॉडयुल में भाषा सम्बंधित विचार एवं सिद्धांत उसे सिखाने का तरीका, परिचयात्मक कॉल, मुख्य कॉल प्रश्न, गतिविधियां, क्विज़, असाइनमेंट, समान्य एवं विचार फोरम तथा उसे करने के लिए बार बार आग्रह पूर्ण रिमाइंडर, इस प्राकर इस कोर्स को डिज़ाइन किया गया है कि निश्चित रूप से सभी क्रियाओं में भाग लेकर अपना एवं बच्चों का विकास कर सकते हैं। जो प्रतिबद्धता कोर्स जॉइन करते समय बताई गई थी उससे अधिक कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास दिखाई दिया, इसके लिए कोर्स डिज़ाइनर तथा इसे चलाने वाले पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं।

डॉ दिलीप कुमार तिवारी
LLF-2017 बैच, उत्तर प्रदेश

# महत्त्वपूर्ण तिथि

**कोर्स की अवधि**
2 अप्रैल से 31 दिसंबर 2018

**आवेदन जमा कराने की आखिरी तिथि**
10 फरवरी 2018

**चुने गए उम्मीदवारों की सूची जारी करने की तिथि**
5 मार्च 2018

अगर आपको ईमेल के साथ आवेदन/एप्लीकेशन फॉर्म नहीं मिला है तो आप इसे हमारी वेबसाइट **www. languageandlearningfoundation.org** से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

## यदि आपको कोई संदेह या सवाल हो तो-

- आप नीचे दी गई ईमेल पर हमें लिखकर जानकारी माँग सकते हैं- **course@languageandlearningfoundation.org**
- आप अपने राज्य के पुराने कोर्स प्रतिभागियों से बात करना चाहते हैं तो हम करवा सकते हैं
- सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे आप इस नंबर 011 2610645 पर कॉल कर सकते हैं।

स्कूल

पील
स्कूला देख

वो देख
सकूल रह्या

मु स्कूल
जाँई री हू

मय ह इस्कूल
जावत हों।